क्राउड आई डिवाइस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में [भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रुड़की](#) ने [चार धाम तीर्थयात्रियों](#) की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिये **'क्राउड आई' डिवाइस** विकसित की है, **जो भीड़ बढ़ने से पहले अलर्ट भेजती है।**

- प्रायोगिक तौर पर [यमुनोत्री](#) **में पहली क्राउड आई डिवाइस** लगाने की तैयारी की जा रही है।

मुख्य बिंदु:

- यह उपकरण **धार्मिक स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिये वास्तविक समय** पर निगरानी रखने हेतु बनाया गया है।
- यमुनोत्री में स्थानीय स्तर पर विकसित '**क्राउड आई**' उपकरण स्थापित करने के लिये देहरादून स्थित **उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (UCOST)** को वित्त पोषण हेतु अनुरोध प्रस्तुत किया गया है।
- बजट स्वीकृति के बाद यह परियोजना शुरू होगी, जिसकी उत्पादन लागत 60 से 70 हज़ार रुपए अनुमानित है। इस तकनीक को [पेटेंट](#) कराने के भी प्रयास किये जा रहे हैं।
- भावी अपडेट का उद्देश्य भीड़ की गणना में पुरुष और महिला डेटा के बीच अंतर करना है।
- **हरिद्वार में दीनदयाल उपाध्याय और पंतद्वीप पार्किंग क्षेत्रों** में सर्वेक्षण के माध्यम से तीर्थयात्रा सीज़न के दौरान यातायात की भीड़ की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

चार धाम यात्रा

- **यमुनोत्री धाम:**
  - **स्थान:** उत्तरकाशी ज़िला।
  - **समर्पित:** देवी यमुना।
  - गंगा नदी के बाद यमुना नदी भारत की दूसरी सबसे पवित्र नदी है।
- **गंगोत्री धाम:**
  - **स्थान:** उत्तरकाशी ज़िला।
  - **समर्पित:** देवी गंगा।
  - सभी भारतीय नदियों में सबसे पवित्र मानी जाती है।
- **केदारनाथ धाम:**
  - **स्थान:** रुद्रप्रयाग ज़िला।
  - **समर्पित: भगवान शिव।**
  - **मंदाकिनी नदी** के तट पर स्थित है।
  - भारत में **12 ज्योतिर्लिंगों** (भगवान शिव के दिव्य प्रतिनिधित्व) में से एक।
- **बद्रीनाथ धाम:**
  - **स्थान:** चमोली ज़िला।
  - **पवित्र बद्रीनारायण मंदिर** का स्थान।
  - **समर्पित:** भगवान विष्णु
  - **वैष्णवों** के पवित्र तीर्थस्थलों में से एक।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/crowd-eye-device